


# प्रिज्म सीमेन्ट को मिला प्लेटिनम अवार्ड 2026

## पर्यावरण उत्कृष्टता व सतत विकास लक्ष्यों में योगदान के लिए मिला अवार्ड




नवभारत न्यूज

**सतना 18 जून, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ( सीमेंट डिवीजन ) को पर्यावरण उत्कृष्टता ( एनवायरनमेंट एक्सीलेंस ) एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ''प्लेटिनम अवार्ड 2026'' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ''2न्ड ग्रीन एनवायरो फाउण्डेशन अवार्ड एंड समिट 2026'' के दौरान प्रदान किया गया।**

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम (सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन) देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार भारत के प्रसिद्ध '''फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया''' पद्मश्री जादव पायेंग द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सुरेश प्रभु ( वर्चुअल माध्यम से ) तथा महाराष्ट्र शासन के पूर्व कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय, पर्यावरण, सततता एवं वन विभाग की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के सदस्य पाशा पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा उद्योगों की सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को यह सम्मान जल संरक्षण एवं संवर्धन, हरित ऊर्जा के उपयोग एवं प्रोत्साहन, व्यापक वृक्षारोपण अभियान, कार्बन उत्सर्जन में कमी, प्लास्टिक एवं खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किए गए सराहनीय कार्यों और पर्यावरणीय मानकों के प्रभावी अनुपालन के लिए प्रदान किया गया।

कंपनी की ओर से यह सम्मान पर्यावरण विभाग के वाइस प्रेसिडेंट मनोज कुमार कश्यप एवं सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी ने प्राप्त किया। उन्होंने गुवाहाटी में आयोजित समारोह में कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि पर प्लांट अध्यक्ष एवं तकनीकी प्रमुख मनीष सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान कंपनी की पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने भविष्य में भी पर्यावरणीय उत्कृष्टता और सतत विकास के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।''हेड एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं हेड कॉर्पोरेट एचआर, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा'' ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित विभागों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान टीमवर्क, नवाचार और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति कंपनी की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रिज्म सीमेंट भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देता रहेगा।

## पत्नी और साली से मारपीट करने वाले पर प्रकरण दर्ज

**सतना 18 जून,** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत करही वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले चक्रधर द्विवेदी और उसके पिता के खिलाफ पत्नी और साली के साथ कमरा बंद कर मारपीट करने का प्रकरण पुलिस ने दर्ज किया है। माधुरी द्विवेदी वेदी पत्नी चक्रधर द्विवेदी और साली ने बीते कल रामपुर थाने में आकर बताया कि, मेरे पति ने बंद कमरे में मारपीट किया है, जिस आरोप में रामपुर पुलिस ने चक्रधर द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा पंजीबद्ध किया है, पत्नी का आरोप है कि बीते 2 दिन पूर्व में वह मेरे साथ बंद कमरे में मारपीट कर रहा था तभी डर एवं भय में आकर मैंने अपने बहन को फोन किया, मेरी बहन जब आई और बीच बचाव करने लगी तो मेरे पति चक्रधर दुवेदी व ससुर रघुवेंद्र द्विवेदी मेरी बहन के साथ भी मारपीट करने लगे,वहीं सूत्रों का कहना है कि चक्रधर द्विवेदी पर कई मामले दर्ज हैं, बीते कल चक्रधर द्विवेदी के ऊपर पत्नी एवं उनकी साली द्वारा अलग-अलग मुकदमा कायम कराया गया है,पत्नी का आरोप है कि मेरा पति चक्रधर दुवेदी व ससुर रघुवेंद्र दुवेदी आए दिन मेरे साथ मारपीट करते है और गंदी-गंदी गालियां देते है जान से मारने की धमकी देते है ,यह आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है।



# केजेएस सीमेन्ट की खदानों को मिले14 पुरस्कार

## 37वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 जून, भारतीय खान ब्यूरो के तत्वाधान में जबलपुर में आयोजित 37वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के समापन समारोह में केजेएस सीमेन्ट की खदानों को कुल 14 पुरस्कार प्राप्त हुए।**

खनन के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित इन पुरस्कारों को केजेएस माइंस परिसर में डिस्प्ले किया गया जहां सीओओ राजेश बैरागी एवं मानव संसाधन विकास व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने व्यक्तिगत स्तर पर प्राप्त पुरस्कार संबंधित माइंस कर्मचारियों को प्रदान किये और सभी संबद्ध कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई दी।

केजेएस माइंस प्रमुख बीके राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा सप्ताह में जबलपुर क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में 83 खदानों ने भाग लिया जिसमें भारत सरकार के खान सुरक्षा महानिदेशक उज्जवल ताह एवं खान सुरक्षा उप महानिदेशक नीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । विगत वर्ष 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक मनाये गए खान सुरक्षा सप्ताह के बारे में आयोजन समिति के संयोजक एवं खान सुरक्षा निदेशक जबलपुर मनीष चंद्र जायसवाल ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात निरीक्षण दलों ने गहनता के साथ विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया और अलग-अलग कैटेगरी में पुरस्कारों के लिए अपनी अनुशंसा समिति को दी।

केजेएस सीमेन्ट की खदानों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमी मैकेनाइज्ड ग्रुप में ओवरऑल परफॉर्मेंस में प्रथम पुरस्कार सहित कुल चार प्रथम और एक द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। मैकेनाइज्ड ग्रुप में एक प्रथम तथा एक तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। केजेएस की माइनिंग टीम ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके लगातार तीसरे वर्ष प्रथम आने का गौरव प्राप्त किया। इसके अलावा ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिताओं में केजेएस वर्कर्स छह व्यक्तिगत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर प्रशंसा के पात्र बने।

केजेएस सीमेन्ट की ओर से सभी पुरस्कार कंपनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल ( रिटा) नीरज वर्मा, खान प्रमुख बीके राठौर, एके वर्मा एवं अन्य ने प्राप्त किये।



## विद्यालय के जर्जर भवन को लेकर बच्चों और अभिभावकों ने किया धरना प्रदर्शन

▸ नायब तहसीलदार की समझाइश के बाद खत्म हुआ धरना

नवभारत न्यूज

**अमदरा 18 जून, विगत कई वर्षों से लगातार पत्राचार के साथ साथ मांग पत्र देने बाद भी शहीद शंकर पटेल विद्यालय के जर्जर भवन में बच्चे बैठने को मजबूर हैं.**

इसी क्रम में अभिभावकों, जननेताओं और बच्चों द्वारा गुरुवार को विद्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया.धरना प्रदर्शन लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें शासकीय विद्यालय के भवन को कंडम घोषित कर गिराया जाए, जबतक बच्चों की व्यवस्था बैठने की नहीं हो जाती तब तक विद्यालय संचालित न हो,यही सब मांगे रखी गई।

प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार की इस पहल का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया उक्त अवसर में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे.


### नायब तहसीलदार के आश्वासन से समाप्त हुआ धरना प्रदर्शन

करीब दो बजे ज्ञापन लेने पहुंचे अमदरा वृत्त तहसीलदार शांतिभूषण सिंह ने आमजनों को हो रही असुविधा और बच्चों की तकलीफ को समझते हुए धरना प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मैहर कलेक्टर महोदया से इस संदर्भ में बात कर जल्द ही महाविद्यालय का ऊपरी भाग विद्यालय संचालित करने हेतु दिया जाएगा, साथ ही महाविद्यालय से थोड़ी दूरी पर करीब तीन एकड़ की शासकीय भूमि का आदेश राजस्व विभाग से पारित कर दिया गया है आदेश होना बाकी है जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करवा दिया जाएगा।

# सरहंगों से परेशान गरीब पलायन को मजबूर

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 18 जून, सतना जिले के एवं अमरपाटन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम ककलपुर में गरीब असहाय सुग्रीव केवट पिता किसोरा केवट न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक सतना, कलेक्टर सतना के पास विगत दिनांक 16 जून 2026 को लिखित फरियाद लगाई गयी। किन्तु अभी तक न्याय के बदले सरहंगों से धमकी और गाली गलौज फरियादी को मिल रही है।**



विदित हो कि ककलपुर महला तालाब केवट( मुड़हा )जाति के लोगों के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है जिसमें आज भी मौके से केवट जाति के लोग अपने-अपने घरों में निवासरत हैं साथ हीं केवट लोगों के द्वारा आम, नीम, महुआ,चिल्ला,बबूल आदि के द्वारा पेंड़ पौधे लगाये गये थे जो आज के समय में बड़े-बड़े हो गये हैं। साथ ही इसी महला बांध से होकर रोड निकली हुई है जो प्रशासन की भूल से शासकीय दर्ज हो गयी है। जिस कारण गांव के रमेश पान्डेय,विनोद पान्डेय,विकास पान्डेय आदि के द्वारा जबरन आम, नीम, महुआ, चिल्ला,बबूल आदि पेंड़ों को काटकर धराशायी कर दिये ।साथ हीं सुग्रीव केवट के पुराने कूप को भी नष्ट कर रहे हैं जिस कारण सुग्रीव केवट को पानी के लिए दरबदर दूरस्थ भटकना पड़ रहा है। सुग्रीव केवट ने बताया की आये दिन गंदी-गंदी गाली देते हैं ।रमेश पान्डेय जनपद सदस्य भी हैं और भाजपा से जुड़े व्यक्ति है जिस कारण से सुग्रीव केवट की कहीं भी सुनवायी नही हो रही है ।पलायन को मजबूर है ।वहीं हल्का पटवारी उक्त पान्डेय परिवार से मिलीभगत होने के कारण उक्त सभी पेंड़ काटे जाने की बात बतायी गयी। वहीं विचारणीय बात तो यह है कि यदि पटवारी की मिलीभगत न होती तो हल्का पटवारी को शासन हित को ध्यान मे रखते हुए जप्ती कार्यवाही करनी चाहिए शासन हित में पचासों हजार रुपये का नुकसान हो रहा है। इस संबंध मे तहसीलदार मौहारी कटरा वृत से और हल्का पटवारी से जानकारी हेतु सम्पर्क करना चाहा गया किन्तु फोन बंद होने के कारण चर्चा नहीं हो पायी।

## बाबू लाल सेन बने राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 18 जून, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ संभाग इकाई रीवा के कार्य विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पदस्थ बाबूलाल सेन को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। कर्मचारियों ने श्री सेन को मिले नवीन दायित्व के लिए बधाई दी है।**



श्री सेन के समर्थक और शुभचिंतक कर्मचारियों ने कैंपस में विराजे बजरंग बली के मंदिर में पूजा ,पाठ और प्रसाद वितरण कर खुशी जाहिर की।

राज्य कर्मचारी संगठन के लोगों ने आज कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे से शिष्टाचार भेंट की और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन की गतिविधियों को बताया। इस मौके पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद गर्ग, गैर शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक सत्यनारायण गर्ग मुन्ना भैया, महासचिव विद्यानंद चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## परमहंस स्कूल धारकुंडी में गुरु कृपा टीम का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**कोटर 18 जून, परमहंस स्कूल धारकुंडी में आयोजित एक क्रिकेट प्रतियोगिता में %गुरु कृपा एकेडमी% की टीम ने अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया और टूर्नामेंट अपने नाम किया। एक विशेष कार्यक्रम में समाज सेवी एवं उद्योगपति गुलाब शुक्ला ने टीम की इस उपलब्धि को सराहा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।**




इस अवसर पर टीम के कोच एवं अंपायर विजय द्विवेदी तथा दूसरे अंपायर आदित्य द्विवेदी को उनके कुशल मार्गदर्शन और खेल के प्रति समर्पण के लिए श्री शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। 'मैन ऑफ द मैच' रहे अनुकल्प केशरवानी और साथ ही टीम के सभी खिलाड़ियों को भी गुलाब शुक्ला ने सम्मानित किया। कप्तान विपुल त्रिपाठी के नेतृत्व में चार टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में 'गुरु कृपा टीम' का यह प्रदर्शन क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। गुलाब शुक्ला जी ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तिघरा खुर्द में चौपाल कार्यक्रम आयोजित

## अमदरा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग

नवभारत न्यूज

**अमदरा 18 जून, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत तिघरा खुर्द में भाजपा द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संसद गणेश सिंह उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने की। कार्यक्रम का संचालन सुजीत शिवहरे मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया।**



इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ मैहर के प्रभारी अधिवक्ता रमाकांत दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु अग्रवाल, सचिन दुबे, प्रवीण पटेल, मंजू अंसारी एवं सुधीर दुबे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सांसद गणेश सिंह को एक लिखित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में अमदरा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रीय जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस तथा जनता एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई। मांग पत्र में बताया गया कि अमदरा स्टेशन मैहर जिले एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।

वर्तमान में कई प्रमुख ट्रेनों का यहां ठहराव नहीं होने से यात्रियों को मैहर, सतना अथवा कटनी जैसे स्टेशनों तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। ट्रेनों का ठहराव मिलने से विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों, मरीजों एवं आम यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

सांसद गणेश सिंह ने कार्यकर्ताओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए रेलवे मंत्रालय के समक्ष विषय को उठाने और यथासंभव सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं और जन अपेक्षाओं को भी प्रमुखता से रखा गया।

## महाराणा प्रताप जयंती कल सतना रोड उर्मिला कॉम्प्लेक्स में

**अमरपाटन 18 जून,** महाराणा प्रताप क्षत्रिय समाज समिति द्वारा विगत वर्ष की भांति अमरपाटन सतना रोड उर्मिला में कॉम्प्लेक्स में इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 20 जून2026 दिन शनिवार को समय दोपहर 1.00 से सतना रोड उर्मिला कॉम्प्लेक्स में किया जाना है आता है आप सभी क्षत्रिय समाज के बांधुओ से निवेदन किया है कि जयंती समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें। गुरु प्रसन्ना सिंह कृष्ण भैया संरक्षक एसपी सिंह कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह सचिव कवि सिंह अध्यक्ष क्षत्रिय समाज अमरपाटन द्वारा यह जानकारी दी गई ।

# आवारा कुत्तों ने बछड़े को नोचकर मार डाला, ग्रामीणों में दहशत

नवभारत न्यूज

**अमदरा 18 जून, ग्राम घुनवारा में आवारा एवं खतरनाक कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ताजा घटना में गांव निवासी एवं गोविंद गौशाला के अध्यक्ष अजय शुक्ला के घर में दो दिन पहले जन्मे गाय के बछड़े को कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून 2026 की सुबह लगभग 4:30 बजे आवारा कुत्ते घर की पशुशाला में घुस गए और नवजात बछड़े को नोच-नोचकर खा लिया। जब तक परिवारजन और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक बछड़े की मौत हो चुकी थी और केवल उसका अस्थिपंजर ही शेष बचा था। घटना को कई ग्रामीणों ने देखा और इसकी पुष्टि की है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी उक्त आवारा कुत्ते गांव के कई लोगों के मवेशियों पर हमला कर चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार छोटे बच्चों और बालिकाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। कुत्तों का झुंड गांव के वार्ड क्रमांक 18 के आसपास डेरा जमाए हुए है और लगातार लोगों में दहशत फैला रहा है।इस संबंध में अजय शुक्ला ने थाना अमदरा में लिखित शिकायत देकर आवारा एवं खतरनाक कुत्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कदम उठाकर मानव जीवन और गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## चित्रकूट हुआ योगमय, 100 से अधिक स्थानों पर चल रहे योग शिविर

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 18 जून, चित्रकूट क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 100 से भी अधिक स्थानों पर पिछले 1 हफ्ते से योगाभ्यास किया जा रहा है। चित्रकूट क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान, सभी प्रमुख मंदिर, आश्रम एवं समाजसेवी समुदाय के सहयोग से उपरोक्त स्थानों पर आरोग्यधाम में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है।**



योग प्रशिक्षकों द्वारा प्राणायाम, मुद्राभ्यास, सन्धियोग, योगासन और सूर्य नमस्कार की सभी क्रियायें एवं आसन कराये जा रहे है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विशाल परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए प्रात: 5.45 बजे एकत्रीकरण रखा गया है। उसके बाद प्रात:: 6:00 से 7:00 तक योग की सभी क्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी। इस दौरान इस सामूहिक कार्यक्रम में चित्रकूट क्षेत्र में चल रहे सभी योग केंद्रों से योग साधक इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। दीनयाल शोध संस्थान के महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल ने बताया कि चित्रकूट जनपद तथा मझगवां जनपद के स्वावलम्बन केन्द्रों एवं सम्पर्कित ग्रामीण केन्द्रों पर भी ग्रामवासियों की भागीदारी के साथ योग के इन प्रयोगों को नियमित रूप से किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जी के विचार थे कि भारत को तभी नए सिरे से मजबूत किया जा सकता है, जब व्यक्तित्व निर्माण में योग को नियमित रूप से जोड़ा जाए। योग के माध्यम से एक व्यक्ति को समाज से जोड़ने की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

# संस्कारयुक्त शिक्षा से संवरेगा ग्रामीण अंचल का भविष्य

▸ मेहुती ग्राम में शिशु मंदिर का भव्य उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर, 18 जून । ग्रामीण भारत के भविष्य को उज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सतना जिले के मझगवां विकासखंड अंतर्गत ग्राम मेहुती में सरस्वती शिशु मंदिर का भव्य शुभारंभ किया गया।**




विद्या भारती मध्य क्षेत्र के तत्वावधान में स्थापित यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रभक्ति और संस्कार निर्माण का भी प्रमुख माध्यम होगा।

**भारतीय संस्कृति की सुगंध के साथ हुआ शुभारंभ-** कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि विद्या भारती मध्य क्षेत्र के मंत्री जितेन्द्र सिंह परिहार सहित सभी अतिथियों ने माँ वीणापाणि का पूजन कर ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की। इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर चूँद से आईं दीदियों द्वारा प्रस्तुत मधुर एवं भावपूर्ण वाणी वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध होकर भारतीय संस्कृति की इस सुंदर झलक का साक्षी बना।

**विद्या भारती का उद्देश्य:** शिक्षा के साथ संस्कार कार्यक्रम का संचालन संकुल प्रमुख नत्थू सिंह ने प्रभावी ढंग से किया तथा सभी अतिथियों का परिचय कराया ।अपने प्रेरक उद्बोधन में सह प्रांत प्रमुख श्री संत कुमार शुक्ला ने विद्या भारती के गौरवशाली इतिहास, उसकी कार्यप्रणाली तथा समाज निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि—卐जब समाज शिक्षा के कार्य में सहभागी बनता है, तब विद्यालय केवल भवन नहीं रहते, बल्कि राष्ट्र निर्माण के केंद्र बन जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से विद्यालय के संचालन एवं विकास में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

**उद्घाटन के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ-** इस अवसर की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि उद्घाटन समारोह के दौरान ही विद्यालय में नए सत्र हेतु तीन भैया-बहनों का प्रवेश कराया गया। यह ग्रामीण समाज के विश्वास और विद्यालय के प्रति उत्साह का प्रत्यक्ष प्रमाण था।

अभिभावकों ने आशा व्यक्त की कि अब उनके बच्चों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्राप्त होगी।

### केवल शिक्षा नहीं, संस्कार भी आवश्यक : जितेन्द्र

मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में विद्या भारती की भावी योजनाओं और शिक्षा दर्शन को साझा करते हुए कहा—卐आज के युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। बच्चों को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो उनमें चरित्र, राष्ट्रभक्ति, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करे। विद्या भारती इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है ।卐उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेहुती में प्रारंभ हुआ यह विद्यालय आने वाले वर्षों में क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा।